# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर जिला–सूरजपुर(छ0ग0)

College Code – 3503
NAAC GRADE B+
E-mail Id – gcbishrampur2016@gmail.com
Web Site - www.govtcollegebsihrampur.ac.in

क्र0. 189/स्था./अतिथि व्याख्या./2024 बिश्रामपुर, दिनांक 29/07/2024

## अतिथि व्याख्याता हेतु संक्षिप्त विज्ञापन (संसोधित)

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय का पत्र क्रमांक 574/126/आउशि/राज. स्था./2024 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 06.07.2024 के परिपालन में शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) में अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित शैक्षणिक अर्हताधारी आवेदको से सहायक प्राध्यापक पद के रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि व्याख्याता एवं अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 31/07/2024 को सायं 05:30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।

विषय/पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | विषय | रिक्त पद एवं संख्या |
|---|---|---|
| | | सहायक प्राध्यापक |
| 01 | अंग्रेजी | 01 |
| 02 | राजनीति शास्त्र | 01 |
| 03 | गणित | 01 |
| | योग | 03 पद |

नोटः–

1. विस्तृत विज्ञापन महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड एवं महाविद्यालय की वेबसाईट www.govtcollegebishrampur.ac.in में अपलोड किया गया है। जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
2. समस्त प्रावधान अतिथि व्याख्याता नीति 2024 के अनुसार लागू होगें।
3. अनन्तिम मेरीट सूची का प्रकाशन दिनांक 02/08/2024 को किया जाएगा।
4. दावा–आपत्ति दिनांक 03/08/2024 से 05/08/2024 तक मान्य किये जाएगें।
5. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 06/08/2024 को किया जाएगा।

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर
जिला –सूरजपुर (छ.ग.)

पृ0 क्र0 190/स्था./2024 बिश्रामपुर, दिनांकः / /2024

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय इन्द्रावती भवन रायपुर, को सूचनार्थ प्रेषित।
2. अपर संचालनक, क्षेत्रीय कार्यालय, अम्बिकापुर, सरगुजा को सूचनार्थ प्रेषित।
3. प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय सूरजपुर, जिला सूरजपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. जिला जनसम्पर्क अधिकारी सूरजपुर को इस निवेदन के साथ कि इसे सामाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
5. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र.................................................... को इस निवेदन के साथ कि इसे अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. कार्यालयीन नस्ती।

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर
जिला –सूरजपुर (छ.ग.)

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर जिला–सूरजपुर(छ0ग0)

College Code – 3503 B+ NAAC NAAC GRADE E-mail Id – gcbishrampur2016@gmail.com
Web Site - www.govtcollegebsihrampur.ac.in


क्र0. |89|/ स्था. / अति.व्या. / 2024 बिश्रामपुर, दिनांक 29 / 07 / 2024

परिशिष्ट 01(अ)

## —: अतिथि व्याख्याता एवं अन्य हेतु विस्तृत विज्ञापन :— (संसोधित)

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय का पत्र क्रमांक 574 / 126 / आउशि / राज.स्था. / 2024 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 06.07.2024 एवं छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय का पत्र क्रमांक एफ 3–54 / स्था. / 2020 / 38–1, नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 20.06.2024 एवं पत्र क्र. 77 / नि.स. / स. / उ.शि. / 2024 नवा रायपुर अटलनगर दिनांक 12 / 07 / 2024 के अनुसार शासकीय महविद्यालय बिश्रामपुर, जिला– सूरजपुर (छ.ग.) में विषय– अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र एवं गणित में अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 31.07.2024 को सायं 5:30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता –

1. अतिथि व्याख्याता को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख–रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि शिक्षण सहायक के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।
2. आयु सीमा :– अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम 65 वर्ष तक।
3. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

विषय / पदों का विवरण :–

| क्र. | विषय | रिक्त पद एवं संख्या |
|---|---|---|
| | | सहायक प्राध्यापक |
| 01 | अंग्रेजी | 01 |
| 02 | राजनीति शास्त्र | 01 |
| 03 | गणित | 01 |

टीप :– संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति / नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरुप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी।

शर्ते :–

1. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट / नेट, एम फिल / पी–एच. डी. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. दिनांक 31.07.2024 तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुकम सूची में शामिल किया जावेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा। वर्तमान में आफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे है। भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रक्रिया में आनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा।
3. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
4. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 02.08.2024 कों महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा। वेबसाइट में विस्तृत विवरण भी अपलोड किया जायेगा।
5. गुणानुकम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 03.08.2024 से 05.08.2024 तक होगी।
6. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 06.08.2024 को किया जावेगा जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाईट अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।
7. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस / न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य

शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई है।

8. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
9. अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।
10. अतिथि व्यवस्था के अंतर्गत देय मानदेय निम्नानुसार होगा :–

| क्र. | विवरण | अतिथि व्याख्याता | अतिथि शिक्षण सहायक |
|---|---|---|---|
| अ) 40–45 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | | | |
| 1 | 40–45 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | 400/– | 300/– |
| 2 | चार कालखण्डों के लिये प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 1600/–<br>(41,600/– प्रतिमाह अधिकतम) | 1200/–<br>(30,000/–प्रतिमाह अधिकतम) |
| ब) | 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | | |
| 3 | 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | 500/– | 350/– |
| 4 | चार कालखंड के लिये प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 2000/–<br>(50,000/–प्रतिमाह अधिकतम) | 1400/–<br>(35,000/–प्रतिमाह अधिकतम) |

11. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर, ग्राम – गोरखनाथपुर, 2ए कालोनी के पीछे, पोस्ट – बिश्रामपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.) पिन 497226 एवं आवेदित विषय/पद आवश्यक रुप से लिखे ।
12. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किए गए अतिथि व्याख्याता एवं अन्य को महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और वे लोक–सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक–सेवक नहीं कहलायेंगे।
13. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी, जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।
14. इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाए रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
15. कक्षाओं के संचालन के साथ–साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यकम, क्रीडा गतिविधियां, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन, नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यो में ये सहयोग प्रदान करेंगे।
16. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी अध्यापन कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में अध्यापन कार्य हेतु पात्र नही होंगे।

प्राचार्य

शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर

जिला–सूरजपुर (छ.ग.)